इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

(सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका)

वर्ष 2014

पिलानी(राजस्थान) अप्रैल 2014 वर्ष 3, अंक 11 (नि:शुल्क वितरण के लिए)

विभिन्न आयोजन

➢ **अग्निशमन प्रदर्शनी व प्रशिक्षण**

अग्नि संबंधी दुर्घटनाओं के प्रति सहकर्मियों को जागरूक करने व तत्संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से संस्थान में दिनांक 16 मई 2014 को मेसर्स मेन एट वर्क्स लिमिटेड, जयपुर के इंजीनियरों ने सीरी कैफे के सामने विभिन्न अग्निशामक उपकरणों का प्रदर्शन किया तथा उनके उपयोग की विधि भी बताई। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक, तकनीकी व प्रशासनिक सहकर्मियों के साथ परियोजना फेलो व प्रशिक्षार्थी भी उपस्थित थे। सभी सहकर्मियों को इन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया तथा कुछ सहकर्मियों ने आग बुझाने का स्वयं अभ्यास भी किया। इस कार्यक्रम का संयोजन व संचालन संस्थान के सुरक्षा अधिकारी श्री विरेन्द्र सिंह ने किया।

➢ **वर्ल्ड टेलिकम्युनिकेशन्स एंड इन्फॉर्मेशन सोसाइटी डे**

आईईटीई, पिलानी केन्द्र ने संस्थान में 20 मई 2014 को वर्ल्ड टेलिकम्युनिकेशन्स एंड इन्फॉर्मेशन सोसाइटी डे का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रो. जी रघुराम, निदेशक, बिट्स, पिलानी तथा प्रो. विनीत साहुला, एमएनआईटी, जयपुर द्वारा आमंत्रित व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के पिलानी केन्द्र के अध्यक्ष डॉ एस सी बोस, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने स्वागत उदबोधन दिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्थान के निदेशक डॉ चंद्रशेखर ने अध्यक्षीय उदबोधन दिया। संस्था के पिलानी केन्द्र के मानद सचिव डॉ अभिजित कर्माकर, प्रधान वैज्ञानिक ने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष आईटीयू के महासचिव का संदेश पढ़ा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा

दिनांक 22 जून 2014 को कनिष्ठ अध्येता वृत्ति (जेआरएफ)/लेक्चरशिप के लिए पिलानी केंद्र पर अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित सीएसआईआर-यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) परीक्षा का आयोजन किया गया। पिलानी केंद्र पर परीक्षा का संचालन सीएसआईआर-सीरी ने किया। केंद्र पर परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया का समन्वयन डॉ एन के स्वामी तथा संयोजन श्री देवीश पाठक ने किया। दिनांक 19 जून 2014 को परीक्षा के पदाधिकारियों की ब्रीफिंग मीटिंग तथा 21 जून 2014 को परीक्षा समन्वयकों, सहायक पर्यवेक्षकों, अन्वीक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में श्री महेन्द्र सिंह, अनुभाग अधिकारी ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

आमंत्रित तकनीकी वार्ता/व्याख्यान

➢ **विषय** : असिंक्रोनस सर्किट्स डिज़ाइन एंड प्रोटोटाइपिंग
वक्ता : श्री जोथम वड्डाबोइना मनोरंजन
यूनिवर्सिटी ऑफ उताह
दिनांक : 9 मई 2014

➢ **विषय** : पीआईसी-एफडीटीडी कोड डिवेलपमेन्ट फॉर द स्टडी ऑफ बीम-वेव इंटरएक्शन इन वैक्यूम/प्लाज़्मा फिल्ड माइक्रोवेव ट्यूब्स
वक्ता : डॉ निलाद्रि सरकार, बिट्स, पिलानी
दिनांक : 19 मई 2014

➢ **विषय** : डिवेलपमेन्ट ऑफ यूवी एक्साइमर प्लाज़्मा सोर्स फॉर वाटर प्यूरिफिकेशन
वक्ता : डॉ राम प्रकाश, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी
दिनांक : 20 मई 2014

- **विषय** : एडवांस्ड टॉपिक्स इन वायरलेस सेन्सर नेटवर्क सिस्टम्स
  वक्ता : डॉ धर्म पी. अग्रवाल, यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी, यूएसए
  दिनांक : 16 जून 2014

एसीएसआईआर पीएचडी रिसर्च प्रोपोज़ल ओपन सेमिनार

1) **विषय** – स्टडी ऑफ इलेक्ट्रॉन बीम प्रोफाइल्स एंड देयर इंटरएक्शन विद वेव्ज़ इन प्लाज़्मा फिल्ड वेवगाइड्स **वक्ता**- श्री नीरज कुमार, वैज्ञानिक

पेटेन्ट

- **फाइल किए गए**

1. **विषय** : रीकन्फिगरेबल कंप्यूटिंग सिस्टम विद रियल टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम सपोर्ट।
   शोधकर्ता/लेखक : डॉ कोटा सोलोमन राजू एवं अन्य
2. विषय : ऑन लाइन प्रोसेस एनालिसिस थ्रू नियर इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी एंड सिस्टम फॉर फ्री फैटी एसिड वैल्यू इन एडिबल ऑयल
   शोधकर्ता/लेखक : श्री वेंकटेश्वर एवं अन्य

- **फाइल करने की प्रक्रिया में**

1. **विषय** : फैब्रिकेशन ऑफ ग्रिड्स यूजिंग ईडीएम प्रोसेस
   शोधकर्ता/लेखक : डॉ आर एस राजू एवं अन्य
2. **विषय** : पैसिव पंपिंग एंड फ्लो मेज़रमेन्ट डिवाइस
   शोधकर्ता/लेखक : डॉ अजय अग्रवाल एवं अन्य
3. **विषय** : एक्सट्रीमली हाई वोल्टेज प्रोटेक्शन इन सीमॉस सर्किट
   शोधकर्ता/लेखक : डॉ एन बी सिंह एवं अन्य
4. **विषय** : इम्प्रूव्ड पर्फार्मेन्स ऑफ ओपी एम्प्लिफायर बाय इट्स बायस रेफरेन्स सर्किट
   शोधकर्ता/लेखक : डॉ एन बी सिंह एवं अन्य

सेमिनार व प्रस्तुतीकरण

- संस्थान के पीजीआरपीई तथा प्रशिक्षणरत एमटेक व अन्य छात्रों ने विभिन्न विषयों पर 31 **सेमिनार/प्रस्तुतीकरण** दिए।
- 41 एसपीएफ/पीएफ ने अपने-अपने परियोजना कार्य से संबंधित विगत 6 माह में किए गए कार्य तथा आगामी 6 माह की कार्य योजना के संबंध में **प्रस्तुतीकरण** दिए।

परियोजना प्रस्ताव

- **परियोजना शीर्षक** – डिवेलपमेन्ट ऑफ मल्टी-सिरामिक रैक्टैंग्युलर आरएफ विंडो'
  दिनांक - 23 अप्रैल 2014
  प्रस्तुतकर्ता - डॉ अयन कुमार बंद्योपाध्याय, वैज्ञानिक
  प्रकार – सहयोगात्मक परियोजना

- **परियोजना शीर्षक** – ए न्यू स्ट्रैटजी टु डिवेलप बायो इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस फॉर बायो सेन्सिंग
  दिनांक – 6 जून 2014
  प्रस्तुतकर्ता - डॉ सौरभ गुप्ता, युवा वैज्ञानिक, एसईआरबी
  प्रकार – सहायता अनुदान

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागिता/शोधपत्र/पोस्टर

सम्मेलन – 41वीं आईईईई इन्टरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन प्लाज़्मा साइंस एंड 20वीं इंटरनेशनल कॉन्फरेन्स ऑन हाई पावर पार्टिकल बीम्स **(ICOPS/BEAMS- 2014)**
स्थान–वाशिंगटन डीसी (यूएसए) **दिनांक** –25-**29** मई 2014

1. **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री ए मर्सीलता, वैज्ञानिक
   शोधपत्र – नॉवेल एसिम्मेट्रिक हाई एफिशिएंट मल्टी स्टेज डिप्रेस्ड कलेक्टर फॉर स्पेस टीडब्ल्युटी
2. **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री पूर्ण चंद्र पांडा, एसआरएफ
   शोधपत्र – डिजाइन ऑफ इलेक्ट्रॉन गन एंड नॉवेल पीपीएम फोकसिंग सिस्टम फॉर डब्ल्यू-बैंड शीट बीम टीडब्ल्युटी।

संस्थान में विद्यार्थी प्रशिक्षण

संस्थान की ओर से सामाजिक सहयोग कार्यक्रमों के अंतर्गत पिलानी के स्थानीय बीटेक छात्रों की सुविधा के लिए चलाए जा रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आरटीयू तथा अन्य तकनीकी विश्वविद्यालयों के विभिन्न कॉलेजों के 197 विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 2.6.2014 से आरंभ हुआ यह प्रशिक्षण 11 जुलाई 2014 चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिको व तकनीकी सहकर्मियों ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक व तकनीकी विषयों पर व्याख्यान दिए।

राजभाषा गतिविधियाँ

- **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अप्रैल-जून 2014 तिमाही की बैठक दिनांक 24.04.2014 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त परिषद की सभी संबद्ध प्रयोगशालाओं/संस्थानों को सूचनार्थ प्रेषित किया गया।

- **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

जनवरी-मार्च 2014 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर परिषद मुख्यालय भेजी गई।

- **लघु कार्यशाला**

संस्थान में सहकर्मियों के लिए केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से फरवरी से जुलाई 2014 के सत्र में कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पंजीकृत प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने तथा प्रशिक्षण किट वितरण के लिए **15 मई 2014** को लघु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षार्थियों को हिंदी टंकण का अभ्यास भी कराया गया।

- **व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (हिंदी टंकण प्रशिक्षण)**

संस्थान में सहकर्मियों के लिए केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से **फरवरी से जुलाई 2014** के सत्र में आयोजित किए जा रहे **कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रशिक्षण** कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की सहायतार्थ दिनांक 3-5 **जून** 2014 तक व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में केहिंप्रसं, नई दिल्ली से श्री चरणजीत वर्मा, सहायक निदेशक संस्थान में आए।

- **हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन**

i.	टिप्पण व प्रारूप लेखन	23.4.2014
ii.	कंप्यूटर पर हिंदी टंकण	21.5.2014
iii.	अनुवाद व भाषा ज्ञान	13.6.2014

प्रशासनिक समाचार

- **साक्षात्कार**

एसीएसआईआर के अंतर्गत इंटीग्रेटेड एमटेक पीएचडी (आईएमपी) कार्यक्रम के छठे बैच में 6 प्रशिक्षार्थी वैज्ञानिक तथा 14 जेआरएफ (3 गेट व 11 सीएसआईआर-नेट) के लिए 26-28 जून 2014 को भर्ती एवं मूल्यांकन बोर्ड(आरएबी), दिल्ली में साक्षात्कार आयोजित किए गए।

- **नियुक्तियाँ**

नाम	पदनाम	कार्यभार ग्रहण तिथि
श्री मुरलीधर,	सहायक (भंडार व क्रय)ग्रेड I	19.06.2014

- **आवास आबंटन समिति की बैठक**

डॉ एस सी बोस की अध्यक्षता में दिनांक 28 मई 2014 को बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वर्ष 2014 में परिषद आवासों के आबंटन के लिए प्राथमिकता सूची को अंतिम रूप दिया गया। बैठक का संयोजन श्री पंकज गोस्वामी, अनुभाग अधिकारी(सामान्य) ने किया।

- **सेवानिवृत्ति**

क्र	नाम व पदनाम	सेवानिवृत्ति तिथि
1.	श्री मूलचंद, चौकीदार	30.04.2014
2.	श्री एस एन वर्मा, वरिष्ठ तकनीशियन(2)	30.04.2014
3.	श्री ओ एस लांबा, वरि.प्रधान वैज्ञानिक	31.05.2014
4.	डॉ जी इरन्ना, वरि. प्रधान वैज्ञानिक	30.06.2014
5.	श्री भँवर सिंह, वरिष्ठ तकनीशियन (2)	30.06.2014

संरक्षक - डॉ चंद्रशेखर, निदेशक **मुख्य संपादक** - डॉ श्याम नारायण मिश्र, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी(च.ग्रे.)
सह-संपादक - रमेश बौरा, हिंदी अधिकारी **सहयोग** - वेद प्रकाश रोहिल, निजी सचिव (एमएसीपी)